प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

23 दिसंबर 2020

सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के एमडी और सीईओ के साथ रिज़र्व बैंक के गवर्नर की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर, ने क्रमश: 22 और 23 दिसंबर 2020 को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और चुनिंदा निजी क्षेत्र के बैंकों के एमडी / सीईओ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठकें कीं। रिज़र्व बैंक के उप-गवर्नरों ने बैठकों में भाग लिया।

अपने प्रारंभिक भाषण में, गवर्नर ने वर्तमान आर्थिक स्थिति पर बात की और आर्थिक गतिविधियों में चल रहे पुनरुत्थान का समर्थन करने में बैंकिंग क्षेत्र के महत्व पर ज़ोर दिया। वित्तीय क्षेत्र के विशिष्ट संदर्भ के साथ, उन्होंने महामारी की शुरुआत के बाद से रिज़र्व बैंक द्वारा अर्थव्यवस्था को स्थिर करने और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपायों पर प्रकाश डाला। बैंकिंग क्षेत्र के संबंध में, उन्होंने बैंकों को पूंजी बढ़ाने और अग्रसक्रीय होकर प्रावधान रखते हुए अपने लचीलेपन और उधार देने की क्षमता को मजबूत करने के लिए सतर्क रहने और सक्रिय उपाय करने की आवश्यकता दोहराई।

अन्य विषयों के साथ, बैठक में निम्नलिखित मुद्दों पर चर्चा की गई।

1. वर्तमान आर्थिक स्थिति और दृष्टिकोण का आकलन;
2. मौद्रिक नीति संचरण और चलनिधि की स्थिति ;
3. दवाबग्रस्त क्षेत्र और एमएसएमई सहित अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के लिए ऋण प्रवाह;
4. कोविड से संबंधित दवाबग्रस्त आस्तियों के लिए समाधान ढ्राचे के कार्यान्वयन में प्रगति ;
5. राज्यों / संघ शासित क्षेत्रों में पहचान किए गए जिलों को 100% डिजिटल रूप से सक्षम बनाने में की गई प्रगति ;
6. बैंकों में आईटी अवसंरचना और आईटी प्रणालियों की क्षमता और दक्षता को मजबूत करना और बढ़ाना; तथा
7. बैंकों में शिकायत निवारण तंत्र में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: **2020-2021/820**